दिनांक : 11/04/2026 समय :7.10एएम

प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी, भोपाल

प्रात:कालीन समाचार

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर ऑस्ट्रिया के चांसलर स्टॉकर 14 अप्रैल से भारत की आधिकारिक यात्रा पर।
- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज रायसेन में तीन दिवसीय राष्ट्रीय उन्नत कृषि महोत्सव का शुभारंभ करेंगे।
- मुख्यमंत्री मोहन यादव कल आष्टा में लाड़ली बहनों के खाते में करोड़ों रुपये की राशि अंतरित करेंगे।
- इंदौर हाईकोर्ट में भोजशाला मामले की सुनवाई, कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष की सुनवाई टालने की मांग ठुकराई।

अब समाचार विस्तार से:–

## पीएम मोदी- ऑस्ट्रिया चांसलर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर ऑस्ट्रिया के चांसलर क्रिश्चियन स्टॉकर 14 से 18 अप्रैल तक भारत की आधिकारिक यात्रा पर आ रहे हैं. यह एशिया की उनकी पहली आधिकारिक यात्रा भी होगी। 16 अप्रैल को हैदराबाद हाउस में श्री मोदी के साथ उनकी द्विपक्षीय बैठक होगी, जिसमें ऊर्जा, व्यापार, निवेश और तकनीकी सहयोग जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा के साथ कई एमओयू पर भी दस्तखत होंगे।

## उन्नत कृषि महोत्सव

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज रायसेन के दशहरा मैदान में तीन दिवसीय राष्ट्रीय उन्नत कृषि महोत्सव का शुभारंभ करेंगे. कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय मंत्रालय के अधिकारी और देशभर के शीर्ष कृषि वैज्ञानिक भी शामिल होंगे। 13 अप्रैल तक चलने वाले इस महोत्सव में 20 विषय आधारित सत्र होंगे। इनमें कृषि मशीनीकरण, प्राकृतिक खेती, हॉर्टिकल्चर, पशुपालन और एआई तकनीक जैसे अहम विषयों पर चर्चा होगी। कल भोपाल में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कृषि मंत्री शिवराज

सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश के कई जिलों के लिए एक खास कृषि रोडमैप भी तैयार किया जाएगा।

**लाड़ली बहना**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल सीहोर जिले के आष्टा में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेशभर की लाड़ली बहनों के खाते में लाड़ली बहना योजना की राशि अंतरित करेंगे। इस मौके पर मुख्यमंत्री करीब 185 करोड़ रुपये लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन भी करेंगे।

**ऊर्जा मंत्री तोमर- भूमिपूजन**

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कल ग्वालियर में करीब 2 करोड़ 56 लाख रुपये की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इनमें सड़क निर्माण, नाली-सीवर सुधार और सौंदर्यीकरण के काम शामिल हैं।

**पोषण पखवाड़ा**

प्रदेश में 9 से 23 अप्रैल तक 8वां पोषण पखवाड़ा मनाया जा रहा है. इस साल पखवाड़े की थीम- "जीवन के शुरुआती छह वर्ष में मस्तिष्क का अधिकतम विकास" रखी गई है। इस अभियान में सात विभागों के समन्वय से स्वास्थ्य शिविर, जंक फूड के दुष्प्रभावों पर जागरूकता रैलियां और पौष्टिक व्यंजन प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। छोटे बच्चों में मोबाइल की लत कम करने पर भी खास ध्यान दिया जा रहा है।

**जन विश्वास बिल 2026**

भारत सरकार के जन विश्वास विधेयक 2026 में 23 मंत्रालयों के 79 पुराने कानूनों के 784 प्रावधानों में संशोधन का प्रस्ताव है. इसमें 717 प्रावधानों में जेल की सजा हटाकर सिर्फ जुर्माने का प्रावधान किया गया है। ड्राइविंग लाइसेंस समय पर रिन्यू न कराना या जन्म-मृत्यु की गलत सूचना जैसी मामूली गलतियों के लिए अब जेल नहीं होगी। इस बिल से अदालतों पर बोझ कम होने की उम्मीद है और करीब 5 करोड़ लंबित मामलों के निपटारे का रास्ता खुलेगा।

**भोजशाला विवाद: सुनवाई**

धार जिले में भोजशाला विवाद मामले में इंदौर हाई कोर्ट में कल लगातार पांचवें दिन सुनवाई हुई. कोर्ट में हिंदू पक्ष ने प्राचीन ग्रंथों, शिल्पकला और ब्रिटिश कालीन गजेटियर के आधार पर दावा किया कि भोजशाला दरअसल मां सरस्वती का मंदिर और संस्कृत शिक्षण केंद्र था। वहीं, मुस्लिम पक्ष के वरिष्ठ वकील सलमान खुर्शीद की मामले को 28 अप्रैल तक टालने की मांग को हाईकोर्ट ने ठुकरा दिया और रोजाना सुनवाई जारी रखने का आदेश दिया।

**ज्योतिबा फुले की जयंती**

समाज सुधारक और महान जनसेवक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर आज राष्ट्र उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। 1827 में आज ही के दिन जन्मे महात्मा फुले ने अपनी पत्नी सावित्री फुले के साथ मिलकर महिला शिक्षा, जाति व्यवस्था और छुआछूत जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ जीवनभर संघर्ष किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, अन्य प्रमुख सांसद और गणमान्य व्यक्ति संसद भवन परिसर में प्रेरणा स्थल पर ज्योतिबा फुले को पुष्पांजलि अर्पित करेंगे।

**सीएम- रोजगार**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास विभाग की समीक्षा बैठक ली। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में ऐसे नए कोर्स तैयार करने के निर्देश दिए जिसमें प्रशिक्षण के बाद युवाओं को तुरंत रोजगार मिल पाए। बैठक में बताया गया कि राष्ट्रीय स्तर पर आईटीआई ग्रेडिंग में प्रदेश पांचवें स्थान पर है और 47 सरकारी आईटीआई को 10 में से 9 प्लस का स्कोर मिला है।

**एलपीजी- छापेमारी**

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री गोविंद सिंह राजपूत का कहना है कि प्रदेश में पेट्रोल, डीजल, एलपीजी, सीएनजी और पीएनजी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और आपूर्ति में कोई रुकावट नहीं है। उन्होंने बताया कि एलपीजी की कालाबाजारी रोकने के लिए अब तक 2 हजार 864 स्थानों पर जांच की गई और 4 हजार 283 सिलेंडर जब्त किए गए हैं।

**सीएम शोक संदेश**

उज्जैन जिले के बड़नगर के पास झलारिया गांव में बोरवेल में गिरे तीन साल के मासूम भागीरथ की मौत पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दुख जताया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी संवेदनाएं शोक में डूबे परिवार के साथ हैं और राज्य सरकार की ओर से परिजनों को 4 लाख रुपये की आर्थिक मदद दी जा रही है।

**भीषण सड़क हादसा**

दमोह-सागर स्टेट हाईवे पर बांसा तारखेड़ा के पास कल शाम एक बेकाबू ट्रक ने पहले सामने से आ रही बोलेरो को टक्कर मारी। बेकाबू ट्रक ने पीछे से आ रहे बाइक सवारों को भी चपेट में ले लिया. हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

**वंदे भारत- 34% का उछाल**

वित्त वर्ष 2025-26 में वंदे भारत एक्सप्रेस से करीब 3 करोड़ 98 लाख यात्रियों ने सफर किया, जो पिछले साल के मुकाबले 34 प्रतिशत अधिक है। रेल मंत्रालय के मुताबिक फरवरी 2019 में नई दिल्ली-वाराणसी मार्ग पर शुरू हुई इस स्वदेशी सेमी-हाई-स्पीड ट्रेन ने अब तक एक लाख फेरों के जरिए 9 करोड़ 10 लाख से ज्यादा यात्रियों को सेवा दी है।

**मौसम**

प्रदेश में आंधी-बारिश का दौर थमते ही गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। कल ज्यादातर शहरों में तापमान 1 से 5.4 डिग्री तक बढ़ गया, जिसमें रतलाम सबसे आगे रहा। मौसम विभाग के मुताबिक 15 अप्रैल को एक नया सिस्टम आएगा, लेकिन वो कमजोर रहेगा. इसका मतलब है कि अब प्रदेश में तेज गर्मी का दौर ही जारी रहेगा।

**▯ ईपीएल**

आईपीएल में कल राजस्थान रॉयल्स ने लगातार चौथी जीत दर्ज करते हुए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को छह विकेट से हरा दिया। 202 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए राजस्थान ने 18 ओवर में जीत हासिल की। वैभव सूर्यवंशी को प्लेयर ऑफ द

मैच चुना गया। वही, आज पंजाब किंग्स का मुकाबला सनराइजर्स हैदराबाद से दोपहर साढ़े तीन से होगा और शाम साढ़े सात बजे से चेन्नई सुपर किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच मैच खेला जाएगा।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में.......**

1- केन्द्रीय जनजातीय कार्य राज्य मंत्री दुर्गादास उईके आज **बैतूल** से प्रस्थान कर तामिया पहुंचेंगे ,जहां वे स्थानीय एवं जनजातीय प्रतिनिधियों के साथ बैठक लेंगे।

2- **नर्मदापुरम** जिले में डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में 14 अप्रैल तक जिला मुख्यालय सहित सभी विकासखंड मुख्यालयों पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

3- वही **जबलपुर** जिले में भी डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में कल से शुरू हुआ हितग्राही सम्मेलन जारी है।

4- **शिवपुरी** में आगामी जनगणना 2027 की तैयारियों को लेकर प्रगणकों और पर्यवेक्षकों का सघन प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ कर दिया गया है।

5- **खं□वा** में सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु चल रहे एचपीवी टीकाकरण अभियान का कलेक्टर ने केन्द्रीय विद्यालय पहुंचकर निरीक्षण किया।

6- प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और □ **गरमालवा** जिले के प्रभारी मंत्री नागरसिंह चौहान आज जिले के प्रवास पर रहेंगे।

7- **सतना** में सशक्त वाहिनी अभियान के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित निःशुल्क कोचिंग में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही जिले की 4 बेटियों का मध्यप्रदेश पुलिस में आरक्षक पद पर चयन हुआ है।

8- **गुना** सभागीय आयुक्त द्वारा कल देर शाम कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस एवं शासन की प्राथमिकता वाले बिंदुओं के संबंध में बैठक की गई।

9- **िं□□ौरी** कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिले में 'नारी शक्ति वंदन' पखवाड़ा के अंतर्गत विभिन्न जागरूकता एवं प्रोत्साहन कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।